श्रौत यज्ञ सहायक

व्यावसायिक पाठ्यक्रम स्तर 3.0

राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन (म.प्र.)

(शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार)

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड

वेदविद्या मार्ग, चिन्तामण, पो. ऑ. जवासिया, उज्जैन - 456006 (म.प्र.)

Phone : (0734) 2502266, 2502254, E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website - www.msrvvp.ac.in

श्रौतयज्ञ सहायक

प्रधान सम्पादक

प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल्

सचिव

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड

लेखक

सौरव नौटियाल

एम०ए०, नेट(रहस्यान्त सामवेद)

प्रधान संयोजक

डॉ.अनूप कुमार मिश्र

सहायक निदेशक, प्रकाशन एवं शोध अनुभाग

आवरण एवं सज्जा : श्री शैलेन्द्र डोडिया

तकनीकी सहयोग : श्री हिमांशु देवडा

© महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रिय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जयिनी

ISBN :

मूल्य :

संस्करण :2025

प्रकाशित प्रति PDF

प्रकाशक : महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रिय वेदविद्या प्रतिष्ठान

(शिक्षामन्त्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था)

वेदविद्या मार्ग, चिन्तामण, पो. ऑ. जवासिया, उज्जैन - 456006 (म.प्र.)

Email: msrvvpujn@gmail.com, Web: msrvvp.ac.in

दूरभाष (0734) 2502255, 2502254

भारतीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की पाठ्यचर्या एवं राष्ट्रीय कौशल भारत मिशन का उद्देश्य शिक्षण विकास एवं प्रशिक्षण के द्वारा शिक्षार्थियों का सर्वांगीण विकास कर रोजगार प्रदान करना है। महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान उज्जैन सदैव शैक्षिक नवाचार के क्षेत्र में अग्रसर रहा है अतः आदर्श वेद विद्यालयों, पाठशालाओं एवं भारत के विद्यालयों में वैदिक कौशल विकास शिक्षण एवं प्रशिक्षण के द्वारा अनेकानेक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है, जिससे शिक्षार्थी प्रशिक्षण के ज्ञानार्जन द्वारा स्वयं को अद्यतन एवं जागृत कर सकेंगे तथा इसके विषय ज्ञान का लाभ अपने दैनन्दिन जीवन के साथ-साथ आजीविका प्राप्त कर राष्ट्र निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे।

श्रौतयज्ञ सहायक पाठ्यपुस्तक में इकाईयों के विषयों को विविध आयामों के साथ सहज एवं प्रभावी तरह से प्रस्तुत किया गया है लेकिन फिर भी **कोई दोष हों तो हमें सूचित अवश्य** करें क्योंकि हमारा परम उद्देश्य वैदिक सिद्धान्तों के आधार पर वेदांगों के ज्ञान को कौशल विकास के माध्यम से जन-जन पहुँचाना है। अतः पाठ्य पुस्तकों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए विद्वानों के समस्त सुझावों का स्वागत है।

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन

भूमिका

वैदिक संस्कृति का प्रथम धर्म यज्ञ है जो सृष्टिनिर्माण व सञ्चालन में सहायक हैं। यज्ञ पाङ्क होता है अर्थात् इसमें पाँच अङ्ग देवता, द्रव्य, मन्त्र, ऋत्विज, और दक्षिणा होते हैं। वैदिक वाङ्मय में तीन प्रकार की यज्ञ संस्थाएँ प्रतिपादित की गयी हैं-

१. पाकयज्ञ संस्था- इसमें औपासन होम, वैश्वदेव, पार्वण, अष्टका, मासिकश्राद्ध, श्रवणा और शूलगव ये सात यज्ञ होते हैं। इनका सम्पादन गृह्य, आवसथ्य, औपासन अथवा स्मार्तअग्नि में किया जाता है।

२. हविर्यज्ञसंस्था- इसमें अग्निहोत्र, दर्शपूर्णमास, आग्रयण, चातुर्मास्य, निरूढपशुबन्ध, सौत्रामणी तथा पिण्डपितृयज्ञ ये सात यज्ञ होते हैं।

३. सोमसंस्था- इसमें अग्निष्टोम, अत्यग्निष्टोम, उक्थ्य, षोडशी, अतिरात्र, वाजपेय तथा अप्तोर्याम ये सात यज्ञ होते हैं।

हविर्यज्ञसंस्था एवं सोमसंस्था के यज्ञ श्रौताग्नियों - गार्हपत्य, आहवनीय, दक्षिणाग्नि तथा सभ्याग्नियों पर सम्पन्न किये जाते हैं।

दर्शपौर्णमासेष्टि श्रौताग्नि में सम्पन्न की जाने वाली हविर्यज्ञसंस्था के अन्तर्गत सम्पाद्य यज्ञ हैं। इसका प्रतिपादन शतपथ ब्राह्मण, गोपथ ब्राह्मणादि ग्रन्थों में हुआ है। यह अमावस्या एवं पूर्णिमा तिथि से सम्बन्धित यज्ञ है। इसे यावज्जीवन के 30 वर्षों तक प्रत्येक मास में अनवरत सम्पाद्य यज्ञ के रूप माना गया है।

दर्शपूर्णमासेष्टि सभी इष्टियों की प्रकृति है। दर्शपूर्णमासेष्टि दो इष्टियों की सम्मिलित सञ्ज्ञा है। यह एक प्रकृतियाग है जो सपत्नीक यजमान के इहलौकिक एवं पारलौकिक कामनाओं का पूरक है। देवताओं से लेकर पितरों तक को प्रसन्न करता है। मनुष्य को संयमी एवं सत्यव्रती, नियम पारायण, बनाता है। दर्शेष्टि में गोदोहनादि कर्म गौ पालन एवं रक्षण को भी पुरस्कृत करता है। व्यक्ति यावज्जीवन अपना आध्यात्मिक एवं चारित्रिक उन्नयन करे इसकी सिद्धि कराता है। इस यज्ञ के करने उपरान्त ही मनुष्य सोमयागों में अधिकार प्राप्त करता है। यह सृष्टि सञ्चालन में सहायक यज्ञ है। स्वकल्याण से लोककल्याण की प्रेरणा देता है।

कौशल विकास के अन्तर्गत श्रौतयज्ञ सहायक की प्रस्तुत पाठ्यपुस्तक में अग्न्याधान कर्म के उपरान्त श्रौतकर्मों का प्रारम्भिक अग्निहोत्र कर्म दर्शाया गया है। कात्यायनोक्त प्रकार से विधि और कारिका सहित सायं तथा प्रातः अग्निहोत्रहवन कर्म पुस्तक की प्रथम इकाई में रखा गया है। जिससे छात्र मन्त्रोच्चारपूर्वक समस्त अग्निहोत्रविधि का परिज्ञान कर सकें।

इसके पश्चात् सभी सोमयागों के प्रकृतिस्वरूप दर्शपूर्णमास याग का परिचय तथा उसमें होने वाले प्रारम्भिक कर्म यथा- पञ्चभूसंस्कार, इध्म और बर्हि का आहरण, अग्न्यन्वाधान, पात्रासादन, अपां प्रणयन तथा हविर्निर्वाप अथवा हविर्ग्रहण रखे गए हैं। इन सभी कर्मों को भी छात्र सरलता से जान सकें इसलिए विधि से पूर्व परिचय भी दिया है। श्रौतयाग अत्यन्त श्रमसाध्य और दुरूह विषय है, इसको छात्रों के स्तर के अनुसार सरल करने का प्रयास भी किया गया है।

लेखक पाठ्यपुस्तक के त्रुटि सुधार हेतु प्रेषित सिद्धान्त एवं प्रायोगिक आलोचनात्मक समस्त सुझावों के लिए आपका कृतज्ञ होगा।

श्री सौरव नौटियाल

विषयानुक्रमणिका

क्रमांक	इकाई	पृष्ठ संख्या
1.	अग्निहोत्र का परिचय	4-22
2.	दर्शेष्टि के प्रधान याग (परिचय)	23-25
3.	पौर्णमास के प्रधान याग (परिचय)	26-28
4.	पञ्चभू संस्कार	29-32
5.	दर्भ इध्माहरण	33-34
6.	अध्वर्यु द्वारा पात्रासादन	35-47
7.	अपःप्रणयन तथा हविर्निर्वाप	48-51
8.	परिशिष्ट – पौर्णमासेष्टि प्रयोगः	-5290

इकाईः1 अग्निहोत्र परिचय

अग्नि को तृप्त करने के उद्देश्य से श्रौताग्नि पर किया जाने वाला हवन अग्निहोत्रहवन के नाम से प्रसिद्ध है। श्रौत विधि से श्रौताग्नि के ग्रहण करने पर इसका अनुष्ठान किया जा सकता है। **'अग्निहोत्रं जुहुयात्स्वर्गकामः'** इस विधिवाक्य का अनुसरण करते हुए अविनिहोत्री को अग्निहोत्र के द्वारा स्वर्ग रूप इष्ट की साधना करनी चाहिए। एक बार प्रारम्भ करने पर यावज्जीवन उसका निर्वाह करना पड़ता है। इसीलिए इसे नित्यकर्म भी कहते हैं। इस वचन के आधार पर सायङ्काल और प्रातःकाल अग्निहोत्रहवन करना चाहिए।

प्रतिदिन सायङ्काल और प्रातःकाल अग्निहोत्रहवन करना अनिवार्य है। दोनों ही समय के हवन के विषय में भी दो पक्ष है। प्रथम पक्ष में सायङ्काल सूर्यास्त से पूर्व और प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व हवन करने का विधान है- **सायंप्रातरग्निहोत्रं जुहोति। प्रातर्जुहोत्यनुदिते** (का० श्रौ० - ४.१५.१)। द्वितीय पक्ष में सायङ्काल सूर्यास्त के बाद और प्रातःकाल सूर्योदय हो चुकने पर हवन किया जाता है – **तमोभ्यये सायं जुहुयाद्वियति प्रातः** (का० श्रौ० – ४.१५.१२) । इन दोनों पक्षों में से किसी एक का आश्रयण किया जाता है। प्रारम्भ में जो पक्ष स्वीकृत किया हो अन्त तक उसी के अनुसार अनुष्ठान करना आवश्यक है।

अग्निहोत्रहवन से कर्म और हवि दोनों का ग्रहण होता है। इस कर्म का प्रारम्भ सायङ्काल से होता है। सायङ्काल और प्रातःकाल दोनों ही समय यथाविहित समय पर ही हवन होना चाहिए। यही कारण है कि इसमें सङ्कल्प भी इसी आशय का होता है, यथा - **अत्राद्य मासे पक्षे तिथौ वासरे, अमुकगोत्रः अमुकशर्म्माहं मम सपत्नीकस्य आत्मसंस्कारार्थं श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं सायंप्रातरग्निहोत्रहोमं करिष्ये। तत्रामुकद्रव्येण सायं (वा प्रातः) अग्निहोत्रहोमं करिष्ये।** सायङ्काल और प्रातःकाल के अनुष्ठान से एक कृत्य की साङ्गता होती है। सायङ्काल का अग्निहोत्रहवन और प्रातःकालीन अग्निहोत्रहवन ये दोनों मिलाकर एक कर्म कहा है- **सायमादिप्रातरन्तमेकं कर्म प्रचक्षते** (का० स्मृ० १८.१)। दोनों समय का हविर्द्रव्य और हवन कर्त्ता भी एक ही होना चाहिए।

अग्निहोत्रहवन स्वयं यजमान को ही करना चाहिए। विशेष परिस्थिति में अध्वर्यु भी इसे कर सकता है।

सन्ध्याकर्मावसाने तु स्वयं होमं समाचरेत्। स्वयं होमे फलं यत्स्यान्न तदन्येन जायते॥

होमे यत्फलमुद्दिष्टं जुह्वतः स्वयमेव तु। हूयमाने तदन्येन फलमर्धं प्रजायते ॥ (दे०प० पृ० १३०)

अग्निहोत्रस्य यज्ञक्रतोरेक ऋत्विक्। (बो० श्रौ० २.३)

यदि अध्वर्यु भी उपलब्ध न हो तो पत्नी, पुत्र और शिष्य प्रभृति इस कार्य को करें।

यजमानः प्रधानं स्यात्पत्नीपुत्रश्च कन्यका।

ऋत्विक् शिष्यो गुरुर्भ्राता भागिनेयः सुतापतिः ॥

एतैरेव हुतं यत्तु तद्धुतं स्वयमेव तु। (दे० प० पृ० १३०)

सायङ्काल के समय जिस द्रव्य से हवन किया गया हो प्रातःकाल भी उसी द्रव्य से हवन करना चाहिए। इसी प्रकार सायङ्काल और प्रातःकाल का हवन कर्त्ता भी एक ही होना चाहिए।

हमारे आधिदैविक जगत् में पृथिवी के ऊपर अग्नि का आधान होने के पश्चात् जब मनुष्य उत्पन्न होता है, तो सब से प्रथम दिन और रात की परिवर्तनरूप स्थिति उसके अनुभव में आती है। यह इस आधिदैविक जगत् की सब से छोटी परन्तु अत्यन्त महत्त्वपूर्ण घटना है। इसी प्रकार अध्यात्म में भी यही दिन-रात का चक्र जागरित और सुषुप्ति (जागना और सोना) रूप में होता है। ये दोनों प्रकार (आधिदैविक और आध्यात्मिक) जगत् की स्वाभाविक परिणति हैं। इसी तत्त्व की व्याख्या ऋषियों ने अग्निहोत्र के रूप में की है।

पूर्व में पढे गए अग्न्याधान में उक्त प्रकार से जिस सपत्नीक यजमान ने अग्नियों का आधान कर लिया है, उस आहिताग्नि पदवाच्य दम्पती को समस्त श्रौतकर्मों के करने का अधिकार प्राप्त हो जाता है। जिस प्रकार आधिदैविक जगत् में अहोरात्र का कालविभाग सब से छोटा है, उसी प्रकार श्रौतकर्मों में उसका प्रतिनिधिरूप अग्निहोत्र कर्म भी सबसे छोटा है। जिस प्रकार मनुष्य अहोरात्र का अनुभव यावज्जीवन करता है, उसी प्रकार अग्निहोत्र का अनुष्ठान भी यावज्जीवन करना होता है। भट्ट शबरस्वामी ने किसी लुप्त ऋग्वेदीय ब्राह्मण का **'यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहोति'** - यावज्जीवन अग्निहोत्र करे यह वचन मीमांसा २.४.१ के भाष्य में उद्धृत किया है। शतपथ ब्रा० १२.४.१.१ में अग्निहोत्र को **'जरामर्य सत्र'** कहा है। इस कर्म से यजमान तभी मुक्ति पाता है, जब वह अत्यन्त जीर्ण (शिथिल-गात्र) हो जावे, अथवा उसकी मृत्यु हो जावे- **'एतद्वै जरामर्यं सत्रं यदग्निहोत्रम्, जरया ह वा एतस्मान्मुच्यते मृत्युना वा'**। अत एव यह नैत्यिक कर्म माना गया है। अग्निहोत्र रात और दिन में दो बार किया जाता है। दोनों समय का मिलकर एक अग्निहोत्र कर्म होता है।

अग्निहोत्र का आरम्भ आधान कर्म मध्याह्नोत्तर तक समाप्त होता है। तत्पश्चात् अग्निहोत्र का प्राप्त होने वाला काल सायं है। अतः अग्निहोत्र कर्म का आरम्भ सायंकाल से होता है। तत्पश्चात् प्रातः काल उपस्थित होने पर प्रातः कालिक अग्निहोत्र किया जाता है। यजुर्वेद के तृतीय अध्याय में भी पहले सायंकालीन अग्निहोत्र के मन्त्र पढ़े हैं. तदनन्तर प्रातः कालीन अग्निहोत्र के। सायंकाल के आरम्भ करने का कारण अग्निहोत्र का आरम्भसायंकाल से क्यों होता है, इसका दूसरा कारण है- जैसे दिन से पूर्व रात होती है, उसी प्रकार इस सृष्टि-सर्गरूप अह-दिन से पूर्व रात्रि-प्रलयकाल होता है। वर्तमानकाल का भूतकाल के साथ नित्य सम्बन्ध है। अतः सर्ग का व्याख्यान करने से पूर्व प्रलयकाल का व्याख्यान आवश्यक होता है. अन्यथा सर्ग उत्पत्ति का बोध नहीं हो सकता। ऋग्वेद मण्डल १० के नासदीय (१२९ वें) सूक्त में जिसे भाववृत्त (भाव का वर्तन सृष्टि की उत्पत्ति) सूक्त कहा जाता है, उस में भी प्रथम मन्त्र में प्रलयावस्था का वर्णन किया है। हमारे मानव धर्म-शास्त्र जिस का सम्बन्ध उत्पन्न हुए मानवों को उनके कर्तव्यकर्म का बोध कराने से है, उस का आरम्भ भी 'आसीदिदं तमोभूतम्' से होता है। इसी दृष्टि से यजुर्वेद में भी अग्निहोत्र का आरम्भ सायंकालीन अग्निहोत्र से किया है।

अग्निहोत्र नाम का कारण –

'अग्निहोत्र' का अर्थ है- **अग्नये हूयते अस्मिन् तद् अग्निहोत्रम्**- जिस कर्म में अग्नि के लिए होम किया जाता है। यद्यपि अग्निहोत्र कर्म के दो देवता हैं- सायंकालीन कर्म का अग्नि, और प्रातः कालीन कर्म का सूर्य, तथापि इस होमकर्म का आरम्भ सायंकाल से होता है, रात्रि का देवता अग्नि है। मानव रात्रि में अग्नि के सहारे ही कार्य करने में समर्थ होता है, इस कारण उभयकालीन कर्म की संज्ञा अग्निहोत्र रखी गई है।

अग्निहोत्र का काल-

प्रातः कालीन अग्निहोत्र के काल मानव धर्मशास्त्र में तीन कहे हैं- उदित, अनुदित और समयाध्युषित । यथा-

उदितेऽनुदिते चैव समयाध्युषिते तथा ।

सर्वथा वर्तते यज्ञ इतीयं वैदिकी श्रुतिः ॥ मनु० १.२५॥

उदित काल से अभिप्राय है- जब सूर्य का उदय-दर्शन हो जाये। अनुदित काल वह माना जाता है, जब तक सूर्योदय से पूर्व नक्षत्र दिखाई देते हैं। समयाध्युषित काल वह कहा जाता है, जब नक्षत्रों का

दर्शन बन्द हो जाये, और सूर्य का उदय भी न होवे। यथा-

तथा प्रभातसमये नष्टे नक्षत्रमण्डले । रविर्यावन्न दृश्येत समयाध्युषितं हि तत् ॥

उपलब्ध ब्राह्मण ग्रन्थों में उदित और अनुदित दो कालों में ही अग्निहोत्र करने का उल्लेख मिलता है। इस काल विभाग के अनुसार ऋग्वेदी, शुक्ल यजुर्वेदी और सामवेदी अनुदित काल वाले हैं तथा कृष्ण यजुर्वेदी तैत्तिरीय और मैत्रायणीय शाखा वाले अनुदित होते हैं। प्रातःकालीन अग्निहोत्र के तीन कालों का विधान होने पर भी सायंकालीन अग्निहोत्र सूर्य के अस्त होने पर ही होता है।

अग्निहोत्र कालविषयक संकल्प –

प्रातः कालीन अग्निहोत्र के लिए तीन कालों का विधान होने से अग्निहोत्र आरम्भ करने से पूर्व यजमान को संकल्प करना होता है कि मैं 'सूर्योदय से पूर्व' अथवा 'सूर्योदय के पश्चात्' अथवा 'समयाध्युषित काल में' अग्निहोत्र करूँगा। संकल्प करने के पश्चात् यावज्जीवन संकल्पित काल में ही अग्निहोत्र करना पड़ता है। अन्यथा काल का उल्लङ्घन करने पर वह प्रायश्चित का भागी होता है।

अग्नि का प्रणयन-

अग्नि का प्रणयन गार्हपत्य से अंगारों को उपवेष संज्ञक पात्र में लेकर दक्षिणाग्नि वा आहवनीय में स्थापित करना रूप कर्म सभी पक्षों में सूर्य के उदय वा अस्त काल से पूर्व ही किया जाता है। तदनन्तर उसे प्रज्वलित करके यथाकाल अग्निहोत्र किया जाता है।

प्रतिशाखा कर्मभेद –

प्रतिशाखा अग्निहोत्र कर्म में कुछ-कुछ भेद हैं। यहाँ कात्यायन श्रौतसूत्र के अनुसार सामान्य कर्म का निर्देश करते हैं। अग्न्याधान कर्म मध्याह्न तक प्रायः समाप्त हो जाता है। अतः तत्पश्चात् अग्निहोत्र की प्रथम प्राप्ति सायं काल में होती है, तदनन्तर दूसरे दिन प्रातः कालीन अग्निहोत्र प्राप्त होता है। इस प्रकार सायंकालीन और प्रातः कालीन अग्निहोत्र मिलकर एक अग्निहोत्र कर्म होता है। सायंकालीन अग्निहोत्र की देवता अग्नि है। अतः छत्रि-न्याय से दोनों काल के होम की संज्ञा अग्निहोत्र कर्म होता है। अग्निहोत्र के लिए कई हव्य द्रव्यों का उल्लेख मिलता है । उनमें पयः (दूध) द्रव्य प्रधान और सर्व सामान्य माना गया है।

अग्निहोत्र विधिक्रम और सामग्री-

अग्निहोत्रहवन का कार्यकलाप इस प्रकार है-

१. सङ्कल्प

२. पञ्चभूसंस्कार

३. अग्न्युद्धरण

४. आचमन

५. वाग्यमन

६. परिस्तरण

७. परिसमूहन

८. पर्युक्षण

९. अखण्डजलधाराकरण

१०. आहवनीय में हवन

११. हविःशेषभक्षण

१२. आचमन

१३. गार्हपत्य में हवन

१४. दक्षिणाग्नि में हवन

१५. पर्युक्षण

१६. समिदाधान

१७. उपस्थान

१८. वाग्विसर्जन

१९. यज्ञेश्वरार्पण

२०. स्मार्ताग्नि में हवन

अग्निहोत्रहवन की सामग्री इस प्रकार है-

- अग्न्युद्धरण सामग्री

- परिस्तरण
- कूर्च, दर्भ
- समित्
- अग्निहोत्रस्थाली
- अग्निहोत्रहवणी
- स्रुव, उपवेष
- गौ, ग्वाला
- दोहनपात्र
- जलपात्र
- स्मार्तहवन सामग्री।

अग्निहोत्रविधिः

कात्यायनीयः श्रौतः सायम्प्रातरग्निहोत्रहोमप्रयोगः

अथ कर्ता **'स्नात्वाचम्य प्राणानायम्य'** देशकालौ **सङ्कीर्त्य ॐ तत्सत्परमेश्वरप्रीतये उद्धरणपूर्वकममुकद्रव्येण सायम्प्रातरग्निहोत्रं होष्यामि।)** तत्रेदानीं सायमग्निहोत्रं होष्यामीति सङ्कल्प्य। गार्हपत्याग्नेः सभ्यस्य चोद्धरणं कृत्वा आहवनीयकुण्डे दक्षिणाग्निकुण्डे च **'पञ्च-भूसंस्काराः'** कार्याः । **ते यथा-वज्रं गृहीत्वा १ दर्भैः परिसमुह्य २ गोमयोदकेनोपलिप्य ३ वज्रेणोल्लिख्य ४ अनामिकाङ्गुष्ठाभ्यामुद्धृत्य ५ उदकेनाभ्युक्ष्य।** ततो गार्हपत्यकुण्डादग्निमाहवनीयदक्षिणाग्निकुण्डयोर्नयेत्। एवं गार्हपत्याहवनीयदक्षिणाग्निसभ्यसंज्ञकानां चतुर्णां (श्रौताग्नीनां) प्रदीपनं कृत्वानन्तरमावसथ्यस्यो (स्मार्तस्यो)द्धरणं कार्यम्। ततः अन्तरेणाग्निं गत्वा दक्षिणेन वा प्रदक्षिणमाहवनीयं परीत्योपविशति यजमानः पत्नी च यथादेशं (अप आचामत उभौ) **वृष्टिरसि वृश्च मे पाप्मान□सत्येन व्रतमुपैम्यापः सत्यमयी व्रतम्।** ततो **द्विराचमनम्।** (अपरेणाहवनीयं मकराकारकूर्चं निदधाति। ततस्तमाहवनीयाग्निं निबद्धैः कुशपरिस्तरणैः कुशैर्वा पुरस्ताद्दक्षिणतः पश्चादुत्तरतश्च प्रागुदगग्रतः परिस्तीर्य। इतरथावृत्तिः। । एवं गार्हपत्यदक्षिणाग्न्योः परिस्तरणं कार्यम्। पयोहोमे गां धुक्ष्व। गार्हपत्यस्योत्तरतः पृथक्कृतेष्वङ्गारेषु तां

दुग्धस्थालीमधिश्रपति। तृणेनावज्योत्यासिच्यापः पुनरवज्योत्य त्रिरुद्वासयत्युदक्। तण्डुलहोमे तु गां धुक्ष्वेत्यादेरभावः। आदौ गार्हपत्यस्य पर्युक्षणम्। गार्हपत्यादुदकधारां निनयत्याहवनीयम्। आहवनीयं पर्युक्ष्य। वैकङ्कत□स्रुक्स्रुवं प्रतप्य। पाणिना संमार्ष्टि। पुनः प्रतप्य।) **उन्नेष्यामि ॐ उनय।** (यजमानस्तिष्ठन्। चतुरः स्रुवानुन्नयति। प्रथमः। द्वितीयः। तृतीयः। चतुर्थः। स्रुग्दण्डोपरि समिधं धारयन्नुत्थाय। अध्यधि गार्हपत्यादाहवनीय□हरति। मुखमात्रे धारयन्। मध्ये निगृह्य। उद्गृह्य। उपविश्य। समिधमादधाति।) अग्निं ज्योतिषं त्वा वायुमतीं प्राणवती□ स्वर्ग्या□ स्वर्गायोपदधामि भास्वती। प्रदीतामभिजुहोति। दक्षिणं जान्वाच्य – **ॐ सजूर्देवेन। सवित्त्रा सजू रात्र्येन्द्रवत्त्या। जुषाणोऽअग्निर्व्वेतु स्वाहा** ॥(चतुर्थांशं हुत्वा) **इदमग्नये न मम।** (स्रुचं कुशेषु निधाय गार्हपत्यमवेक्षते । होष्यन्यसिस्मिन् उत्तरां भूयसीम्)। **ॐ उपांशु प्रजापतये उच्चैः स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम** । (स्रुचं द्विः प्रकम्प्य कूर्चे निदधाति) **ॐ नमो देवेभ्यः। ॐ स्वधा पितृभ्यः।** (अप उपस्पृश्य इतरयोश्च पुष्टिकामः स्थाल्याः स्रुवेण)। **ॐ इह पुष्टिं पुष्टिपतिर्दधात्विह प्रजाꣳ रमयतु प्रजापतिः। अग्नये गृहपते रयिमते पुष्टिपतये स्वाहा । इदमग्नये गृहपतये रयिमते पुष्टिपतये न मम। ॐ प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम** । दक्षिणाग्नौ (तूष्णीं समित्प्रक्षेपः)। **ॐ अग्नयेऽन्नादायान्नपतये स्वाहा। इदमग्नयेऽन्नादायान्नपतये न मम। ॐ प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम** ॥ (स्रुचिस्थं हुतद्रव्यशेषं पात्रान्तरे गृहीत्वा । भक्षणार्थं बहिर्गत्वा अनामिकया द्विः प्राश्नाति । पात्रस्यास्वादनं (उत्सृज्य निर्लेढि) । आचम्य द्विः। आहवनीयसमीपमागत्य स्रुच्युदकं पूरयित्वा। उत्सिञ्चति । आहवनीयोत्तरतः) **ॐ देवाञ्जिन्व।** (पुनः पूर्य) **ॐ पितॄञ्जिन्व।** (दक्षिणतः पुनः पूर्य। उदुक्षति)। **ॐ सप्तऋषीन्जिन्व।** (ईशान्ये पुनः पूर्य। कुशेपु स्थाने त्रिर्निषिञ्चति प्राक्संस्थम्)। **ॐ अग्नये पृथिवीक्षिते स्वाहा। ॐ पृथिव्याऽमृतं जुहोमि स्वाहा। ॐ अमृतेऽअमृतं जुहोमि स्वाहा॥** (स्रुक्स्रुवमाहवनीये प्रतप्य । कुशेषु निदधाति । समिधमादधाति । सर्वेषु यथा पर्युक्षितम्) । **ॐ समिदसि समिद्धोमे अग्ने दीदिहि समिद्धाते ऽअग्ने दीद्यासम्॥** (आहवनीयसमीपमागत्य तिष्ठन्। आदौ गार्हपत्यस्योपस्थानम्)॥ 'उपस्थानम्'- **ॐ भूर्भुवस्वः। सुप्रजाः। प्रजाभिः स्याꣳसुवीरो। व्वीरैः। सुपोषः। पोषैः॥** (उपविश्य)। **महेन्द्रादाहवनीयाय नमः** । (गार्हपत्ये)। **ॐ भूर्भुवस्वः। सुप्रजाः। प्रजाभिः स्याꣳसुवीरो। व्वीरैः। सुपोषः। पोषैः॥** (शय्यासनम्। वा गार्हपत्ये) **ॐ यमाय राज्ञे गार्हपत्याय नमः।** (ततः पूर्ववत् धारावर्ज्यम्) (पर्युक्षणम्) वाग्विसर्जनम्

(उभौ स्वासने उपविश्य । आचम्य ।) **ॐ विद्युदसि विद्य मे पाप्मानं जह्यपोवभृथमभ्युपैमि मयि स त्वङ्गोपु मे व्रतम्। द्विराचम्य। विष्णवे नमः ।** सञ्चरविमोकः। (गार्हपत्यपश्चादुपविश्य) **ॐ नडाय नैषधाय अन्वाहार्यपचनाय नमः। अनथुते साङ्गमनाय सभ्याय नमः। असते पांसुपाय भस्मोद्वापाय नमः॥ नर्यभस्य परब्रह्म यतो मुक्तिप्रसाधकम्। तयोरेकतरं सेव्यं संसारभयनाशनम्॥ यत्कर्मणात्यरीरिचं यद्वान्यूनमिहाकरम्। अग्निꣳ स्विष्टकृद्विद्वान्स्विष्टꣳ सुहुतं करोतु स्वाहा॥ नमस्ते गार्हपत्याय नमस्ते दक्षिणाग्नये। नमऽआहवनीयाय महावेद्यै नमो नमः॥ नमः सभ्यावसथ्याभ्यां नमस्ते परमात्मने। विश्वबोधप्रबोधाय नमस्ते श्रौतवह्नये॥ चतुर्भिश्च चतुर्भिश्च द्वाभ्यां पञ्चभिरेव च। हूयते च पुनर्द्वाभ्यां तस्मै यज्ञात्मने नमः॥ यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपोयज्ञक्रियादिषु। नूनं सम्पूर्णतां याति सद्यो वन्दे तमच्युतम्॥ 'अर्पणम्'- अनेन** (यजमानानुज्ञया) **अमुकद्रव्येण श्रौतसायंहोमाख्येन कर्मणा भगवान् श्रीयज्ञपुरुषः प्रीयतां न मम ॥ ॐ तत्सद्ब्रह्मार्पणमस्तु ॥ 'विशेषप्रार्थना'-ॐ इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम्। समूढमस्य पाꣳसुरे स्वाहा॥ त्रीणिपदा विचक्रमे विष्णुर्गोपाऽअदाभ्यः। अतो धर्म्माणि धारयन्॥ तद्विष्णोः परमम्पदꣳ सदा पश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुराततम्॥ तद्विप्रासो विपन्यवो जागृवाꣳ सꣳ समिन्धते। विष्णोर्य्यत्परमम्पदम्॥ विष्णोरराटमसि विष्णोः श्नप्त्रेस्थो विष्णोः स्यूरसि विष्णोर्ध्रुवोसि। वैष्णवमसि विष्णवे त्वा॥ त्र्यायुषञ्जमदग्नेः कश्यपस्य त्र्यायुषम्। यद्देवेषु त्र्यायुषन्तन्नोऽअस्तु त्र्यायुषम्॥** (भस्म ललाटे धारयेत्)। **ॐ नमो ब्रह्मणे नमो अस्त्वग्नये नमः पृथिव्यै नम ओषधीभ्यः। नमो वाचे नमो वाचस्पतये नमो विष्णवे महते करोमि॥ ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥**

इति श्रौतः सायंहोमप्रयोगः

अथ श्रौतः प्रातर्होमप्रयोगः

(स्नानं कृत्वा) **'पञ्चभूसंस्काराः'- वज्रं गृहीत्वा। दर्भैः परिसमुह्य। गोमयोदकेनोपलिप्य ।वज्रेणोल्लिख्य। अनामिकाङ्गुष्ठाभ्यामुद्धृत्य। उदकेनाभ्युक्ष्य।** इदमाहवनीयस्य। (एवं दक्षिणाग्नेः)। **उद्धरेति** (यजमानो ब्रूयात्)। (आचम्य। सुमुखश्चेत्यादि०। देशकालौ सङ्कीर्त्य) यथा- **सङ्कल्पः- ॐ तत्सत्परमेश्वरप्रीतये उद्धरणपूर्वकममुकद्रव्येण प्रातरग्निहोत्रं होष्यामि॥ 'उद्धरणम्'** -(अन्तरेणापराग्निं गत्वा दक्षिणेन वा प्रदक्षिणमाहवनीयपरीत्योपविशति। यजमानः पत्नी च यथादेशम्। अप आचामत उभौ) **वृष्टिरसि वृश्च मे पाप्मानꣳ सत्येन व्रतमुपैम्यापः सत्यमयी व्रतम्।** ततो **द्विराचमनम्।** अपरेणाहवनीयं कूर्चं

निदधाति। आहवनीयस्य परिस्तरणम् । कुशैः परिस्तरणैर्वा पुरस्ताद्दक्षिणतः पश्चादुत्तरतश्च प्रागग्रमुदगग्रं च परिस्तीर्य। एवं गार्हपत्यदक्षिणाग्न्योः परिस्तरणम्। **'पयोहोमे'** गां धुक्ष्व । तण्डुलहोमे गां धुक्ष्वेत्यादेरभावः। (केचितु उदकधारां निनयन्ति)। गार्हपत्यस्योत्तरतः पृथक्कृतेष्वङ्गारेषु तां दुग्ध-स्थालीमधिश्रपयति। तृणेनावज्योत्य । आसिञ्च्यापः। पुनरवज्योत्य। त्रिरुद्वासयत्युदक्। ततो गार्हपत्यस्य पर्युक्षणम् । ततो दक्षिणाग्नेः पर्युक्षणम्। गार्हपत्यादुदकधारां निनयत्याहवनीयम्। आहवनीयं पर्युक्ष्य। वैकङ्कत□स्रुक्स्रुवं प्रतप्य। पाणिना संमार्ष्टि। पुनः प्रतप्य।) **उन्नेष्यामि ॐ उनय।** (यजमानस्तिष्ठन्। चतुरः स्रुवानुन्नयति। प्रथमः। द्वितीयः। तृतीयः। चतुर्थः। स्रुग्दण्डोपरि समिधं धारयन्नुत्थाय। अध्यधि गार्हपत्यादाहवनीयꣳहरति। मुखमात्रे धारयन्। मध्ये निगृह्य। उद्गृह्य। उपविश्य। समिधमादधाति।) **सूर्यो ज्योतिषं त्वा वायुमतीं स्वर्ग्याꣳ स्वर्गायोपदधामि भास्वती। प्रदीप्तामभिजुहोति॥** (दक्षिणं जान्वाच्य)। **ॐ अग्निर्ज्योतिर्ज्योतिरग्निः स्वाहा सूर्य्यो ज्योतिर्ज्योतिः सूर्य्यः स्वाहा। अग्निर्व्वर्च्चो ज्योतिर्व्वर्च्चः स्वाहा सूर्य्यो वर्च्चो ज्योतिर्व्वर्च्चः स्वाहा ज्योतिः सूर्य्यः सूर्य्यो ज्योतिः खाहा॥ सजूर्देवेन सवित्रा सजूरुषसेन्द्रवत्त्या। जुषाणः सूर्य्यो व्वेतु स्वाहा॥** चतुर्थांशं हुत्वा। **इदं सूर्याय न मम।** (स्रुचं कुशेषु निधाय गार्हपत्यमवेक्षते । होष्यन्यसिस्मिन् उत्तरां भूयसीम्)। **ॐ उपांशु प्रजापतये उच्चैः स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम** । (स्रुचं द्विः प्रकम्प्य कूर्चे निदधाति) **ॐ नमो देवेभ्यः। ॐ स्वधा पितृभ्यः।** (अप उपस्पृश्य इतरयोश्च पुष्टिकामः स्थाल्याः स्रुवेण)। **ॐ इह पुष्टिं पुष्टिपतिर्दधात्विह प्रजा□ रमयतु प्रजापतिः। अग्नये गृहपते रयिमते पुष्टिपतये स्वाहा । इदमग्नये गृहपतये रयिमते पुष्टिपतये न मम। ॐ प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम** । दक्षिणाग्नौ (तूष्णीं समित्प्रक्षेपः)। **ॐ अग्नयेऽन्नादायान्नपतये स्वाहा। इदमग्नयेऽन्नादायान्नपतये न मम। ॐ प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम ॥** (स्रुचिस्थं हुतद्रव्यशेषं पात्रान्तरे गृहीत्वा । भक्षणार्थं बहिर्गत्वा अनामिकया द्विः प्राश्नाति । पात्रस्यास्वादनं (उत्सृज्य निर्लेढि) । आचम्य द्विः। आहवनीयसमीपमागत्य स्रुच्युदकं पूरयित्वा। उत्सिञ्चति । आहवनीयोत्तरतः) **ॐ देवाञ्जिन्व।** (पुनः पूर्य) **ॐ पितॄञ्जिन्व।** (दक्षिणतः पुनः पूर्य। उदुक्षति)। **ॐ सप्तऋषीन्जिन्व।** (ईशान्ये पुनः पूर्य। कुशेपु स्थाने त्रिर्निषिञ्चति प्राक्संस्थम्)। **ॐ अग्नये पृथिवीक्षिते स्वाहा। ॐ पृथिव्याऽमृतं जुहोमि स्वाहा। ॐ अमृतेऽअमृतं जुहोमि स्वाहा॥** (स्रुक्स्रुवमाहवनीये प्रतप्य । कुशेषु निदधाति । समिधमादधाति । सर्वेषु यथा पर्युक्षितम्) । **ॐ समिदसि**

समिद्धोमे अग्ने दीदिहि समिद्धाते ऽअग्ने दीद्यासम्॥ (आहवनीयसमीपमागत्य तिष्ठन्। आदौ गार्हपत्यस्योपस्थानम्)॥ 'उपस्थानम्'- **ॐ भूर्भुवस्वः। सुप्रजाः। प्रजाभिः स्याꣳसुवीरो। व्वीरैः। सुपोषः। पोषैः॥** (उपविश्य)। **महेन्द्रादाहवनीयाय नमः** । (गार्हपत्ये)। **ॐ भूर्भुवस्वः। सुप्रजाः। प्रजाभिः स्याꣳसुवीरो। व्वीरैः। सुपोषः। पोषैः॥** (शय्यासनम्। वा गार्हपत्ये) **ॐ यमाय राज्ञे गार्हपत्याय नमः।** (ततः पूर्ववत् धारावर्ज्यम्) (पर्युक्षणम्) वाग्विसर्जनम् (उभौ स्वासने उपविश्य । आचम्य ।) **ॐ विद्युदसि विद्य मे पाप्मानं जह्यायपोवभृथमभ्युपैमि मयि स त्वङ्गोपु मे व्रतम्। द्विराचम्य। विष्णवे नमः** । सञ्चरविमोकः। (गार्हपत्यपश्चादुपविश्य) **ॐ नडाय नैषधाय अन्वाहार्यपचनाय नमः। अनथुते साङ्गमनाय सभ्याय नमः। असते पांसुपाय भस्मोद्वापाय नमः॥ नर्यभस्य परब्रह्म यतो मुक्तिप्रसाधकम्। तयोरेकतरं सेव्यं संसारभयनाशनम्॥ यत्कर्मणात्यरीरिचं यद्वान्यूनमिहाकरम्। अग्निꣳ स्विष्टकृद्विद्वान्स्विष्टꣳ सुहुतं करोतु स्वाहा॥ नमस्ते गार्हपत्याय नमस्ते दक्षिणाग्नये। नमऽआहवनीयाय महावेद्यै नमो नमः॥ नमः सभ्यावसथ्याभ्यां नमस्ते परमात्मने। विश्वबोधप्रबोधाय नमस्ते श्रौतवह्नये॥ चतुर्भिश्च चतुर्भिश्च द्वाभ्यां पञ्चभिरेव च। हूयते च पुनर्द्वाभ्यां तस्मै यज्ञात्मने नमः॥ यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपोयज्ञक्रियादिषु। नूनं सम्पूर्णतां याति सद्यो वन्दे तमच्युतम्॥** 'अर्पणम्'- अनेन (यजमानानुज्ञया) **अमुकद्रव्येण श्रौतसायंहोमाख्येन कर्मणा भगवान् श्रीयज्ञपुरुषः प्रीयतां न मम ॥ ॐ तत्सद्ब्रह्मार्पणमस्तु ॥** 'विशेषप्रार्थना'-**ॐ इदं व्विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम्। समूढमस्य पाꣳसुरे स्वाहा॥ त्रीणिपदा व्विचक्रमे व्विष्णुर्ग्गोपाऽअदाभ्यः। अतो धर्म्माणि धारयन्॥ तद्विष्णोः परमम्पदꣳ सदा पश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुराततम्॥ तद्विप्रासो व्विपन्यवो जागृवाꣳ सꣳ समिन्धते। विष्णोर्य्यत्परमम्पदम्॥ व्विष्णोरराटमसि व्विष्णोः श्नप्त्रेस्थो व्विष्णोः स्यूरसि व्विष्णोर्ध्रुवोसि। व्वैष्णवमसि व्विष्णवे त्वा॥ त्रायुषञ्जमदग्नेः कश्यपस्य त्र्यायुषम्। यद्देवेषु त्र्यायुषन्तन्नोऽअस्तु त्र्यायुषम्॥** (भस्म ललाटे धारयेत्)। **ॐ नमो ब्रह्मणे नमो अस्त्वग्नये नमः पृथिव्यै नम ओषधीभ्यः। नमो वाचे नमो वाचस्पतये नमो विष्णवे महते करोमि॥ ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥**

इति श्रौतप्रातर्होमप्रयोगः

होम, याग तथा इष्टि

समस्त श्रौतयाग इष्टि, पशु और सोम भेद से तीन प्रकार विभक्त है। दर्शपूर्णमास के परिचय और अध्ययन

में हम होम, याग एवम् इष्टि इन तीन पदों को बार बार पढेंगे, अतः पूर्व ही उनका परिज्ञान कर लेना चाहिए।

होम का लक्षण –

'**उपविष्टहोमाः स्वाहाकारप्रदाना जुहोतयः**' (कात्या० श्रौत १.२.७) अर्थात् जिस में बैठ कर '**स्वाहा**' शब्द से आहुति दी जाये, वह **होम** होता है। इस के लिए **जुहोति, जुहुयात्** शब्दों का प्रयोग होता है। यथा **अग्निहोत्रं जुहोति** (तै०सं० १.५.९) ।

याग का लक्षण –

'**तिष्ठद्धोमा वषट्कारप्रदाना याज्यापुरोऽनु-वाक्यावन्तो यजतयः** ' (कात्या० श्रौत १.२.६) अर्थात् जिस में खड़े होकर **वषट्** या **वौषट्** शब्द से आहुति दी जाये, जिनमें **पुरोऽनुवाक्या** और **याज्या** मन्त्र होवें, उन्हें **याग** कहते हैं। इसके लिए **यजेत** शब्द का प्रयोग होता है। यथा- **दर्शपूर्णमासाभ्यां स्वर्गकामो यजेत** (आप० श्रौत ३.१४.८) ।

इष्टि का लक्षण-

समस्त हविर्यागों को **इष्टि** पद से ग्रहण कर सकते हैं। परन्तु याज्ञिक सम्प्रदाय में समस्त हविर्यज्ञों के प्रकृतिभूत दर्श-पौर्णमासयाग को ही इष्टि शब्द से जाना जाता है। सपत्निक यजमान एवं ऋत्विक् चतुष्टय द्वारा सम्पादित कर्म को इष्टि कहते हैं। इष्टि और याग पर्यायवाची ही है। **यजनाद् यागः। इज्यतेऽनेन कर्मणेतीष्टिः।** अगर भेद दृष्टि से देखा जाय तो याग बहु ऋत्विक् एवं एकाधिक दिनसाध्य पूर्वोक्त याग परिभाषा युक्त कर्म विशेष को कह सकते हैं। जैसे सोम याग, चयन याग आदि। इष्टि एक दिन साध्य है।

दर्शपूर्णमास का परिचय –

आधिदैविक जगत् में प्रतिदिन दिन और रात के रूप में जो परिवर्तनशील दृश्य प्राणिमात्र से गृहीत होता है, उसके पश्चात् प्राणिमात्र से परिगृहीत होने वाला जो विशेष परिवर्तन होता है, वह है रात्रि में प्रकाश और अन्धकार के रूप में उपस्थित होने वाला दृश्य। यह परिवर्तन प्रतिदिन होते हुए भी पन्द्रह-पन्द्रह दिनों के दो विभागों में विभक्त होता हुआ पूर्णता को प्राप्त हुआ जाना जाता है। इन का लोक में शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष के रूप में व्यवहार होता है। अमावास्या की पूर्ण अन्धेरी रात के पश्चात् शुक्ल

पक्ष में सूर्यास्त के पीछे क्रमशः प्रकाश की मात्रा तथा समय बढ़ता जाता है, और पूर्णिमा की रात में पूर्णचन्द्र का प्रकाश होता है और सारी रात प्रकाश रहता है। इसी प्रकार पूर्णिमा के पश्चात् कृष्ण पक्ष में चन्द्रोदय क्रमशः दो-दो घड़ी (४८ मिनट) देर से होता है, और उसके प्रकाश की कलाएं शनैः शनैः लुप्त होने से अन्धकार की मात्रा बढ़ते-बढ़ते अमावस्या की रात में पूरा अन्धकार होता है। उस दिन चन्द्रोदय सूर्योदय के साथ होता है। इसीलिए '**अमा सह वसतः सूर्यचन्द्रमसौ यस्यां सा अमावास्या अमावस्या वा**' (काशिका वृत्ति, अष्टा० ३.१.१२२)।

इसी आधिदैविक घटना चक्र के परिज्ञापन के लिए दर्शपूर्णमास संज्ञक कर्म का शास्त्रकारों ने वर्णन किया है। अग्निहोत्र जैसे सायं प्रातः का मिलकर एक कर्म होता है, इसी प्रकार यद्यपि दर्शेष्टि और पौर्णमासेष्टि मिलकर एक कर्म नहीं होता है तथापि दोनों के अपूर्वी से एक अपूर्व की उत्पत्ति होकर उससे फल की प्राप्ति होती है। इसीलिए '**दर्शपूर्णमासाभ्यां स्वर्गकामो यजेत**' विधि वचन में **दर्शपूर्णमासाभ्याम्** में द्विवचन से निर्देश किया है। पूर्णिमा और अमावस्या चन्द्रकला तथा प्रकाश के बढ़ने घटने की सीमारूप हैं। शेष १४ रात्रियों में बढ़ना घटना क्रिया प्रत्यक्ष परिगृहीत होती है। इसलिए दर्शपूर्णमास में १३-१४ आहुतियां मुख्य होती हैं। दोनों में तीन-तीन प्रधानाहुतियाँ हैं, शेष ११ अङ्गरूप आहुतियाँ होती हैं। पौर्णमासेष्टि में मुख्य हवि **आग्नेय अष्टाकपाल पुरोडाश, अग्नीषोम देवताक घृत** और **अग्नीषोमीय एकादशकपाल पुरोडाश** है। दर्शेष्टि में **आग्नेय अष्टाकपाल पुरोडाश, इन्द्र देवताक दही** और **इन्द्रदेवताक पयः** होता है। यतः दही और दूध दोनों हवियों का देवता एक है, अतः दोनों को मिलाकर एक बार ही दोनों की आहुति दी जाती है। इस प्रकार स्थूल दृष्टि से दर्शेष्टि में १३ आहुतियाँ होती हैं। यही निर्देश भगवान् जैमिनि ने संकर्ष काण्ड २.२.३० (पूर्व-मीमांसा १८.२.३०) में किया है- **चतुर्दश पौर्णमास्यामाहुतयो हूयन्ते, त्रयोदश अमावास्यायाम् इति**।

दर्शपूर्णमास सब यागों की प्रकृति –

संहिता, ब्राह्मण और श्रौतसूत्रों के अनुसार दर्शपूर्णमास को सब यागों की प्रकृति माना है। अतः यागों में सामान्य रूप से होने वाले सभी कर्मों का दर्शपूर्णमास में पूर्ण रूप से निर्देश किया गया है। उत्तर यागों में जो-जो भिन्नता वा अधिकता होती है, उतने अंश का ही निर्देश किया है। शेष सभी अविरुद्ध विधियाँ '**प्रकृतिवद् विकृतिः कर्तव्या**' रूप अतिदेश से चातुर्मास्यादि उत्तर यागों में उपस्थित हो जाती हैं।

दर्शपूर्णमास के आरम्भ में विकल्प –

हम पिछले वर्ष के पाठ्यक्रम में आधान का **होमपूर्वाधान, सोमपूर्वाधान** और **इष्टिपूर्वाधान** के रूप में त्रिविधत्व पढ चुके हैं। इसी प्रकार यहाँ एक पक्ष में आधान के अनन्तर सोमयाग करके दर्शपूर्णमास किया जाता है तो दूसरे पक्ष में आधान के अनन्तर दर्शपूर्णमास आरम्भ कर के जब यजमान की सोमयाग करने की इच्छा वा सामर्थ्य हो, तब सोमयाग किया जाता है। इन दोनों पक्षों में दर्शेष्टि की हवि में अन्तर पड़ता है।

सोमयाजी की दर्शेष्टि की हवि-

दोनों पक्षों में आग्नेय पुरोडाश तो समान है, परन्तु शेष दो हव्य-द्रव्यों में अन्तर है। सोमयाजी अर्थात् जिस ने पहले सोमयाग किया है उसकी हवि **ऐन्द्र दधि** और **ऐन्द्र पयः** होती है। दर्शपूर्णमास के अनन्तर यजमान जब सोमयाग कर लेता है तो उसके पीछे दधि और पय ही हव्य द्रव्य होते हैं। दूध और दहि रूप जो हवि हैं, इनका शास्त्रीय नाम सान्नाय्य है। अतः कात्या० श्रौत ४.२.२५ में कहा है- **सोमयाजी सन्नयेत** । तै० सं० २.५.५ में असोमयाजी के लिए सान्नाय्य हवि का प्रत्यक्ष निषेध किया है- **नासोमयाजी सन्नयेत्**।

सान्नाय्य शब्द का अर्थ भगवान् पाणिनि ने हवि विशेष के अर्थ में सान्नाय्य शब्द **'पाय्य सान्नाय्य निकाय्यधाय्या मानहविर्निवास सामिधेनीषु'** (अष्टा० ३.१.१२९) सूत्र में निपातन किया है। इस शब्द में सम् उपसर्ग पूर्वक 'णीञ् प्रापणे' से ण्यत् प्रत्यय (सम् नी ण्यत् सम् नै य) में ऐकार को आय् आदेश और उपसर्ग को दीर्घत्व कहा है (साम् नाय् य सान्नाय्य)। इसका अर्थ होता है- अच्छे प्रकार इकट्ठी जो हवि दी जाती है, वह हवि सान्नाय्य कहाती है। ऐन्द्र दधि और ऐन्द्र पय दोनों द्रव्यों का एक देवता होने से दोनों को मिला कर इन्द्र के लिए दिया जाता है। अतः एव यह हवि सान्नाय्य कहाती है।

असोमयाजी की दर्शेष्टि की हवि-

जो आधान के पश्चात् सोमयाग बिना किये ही दर्शपूर्णमास आरम्भ करता है, उसकी **आग्नेय पुरोडाश** के अतिरिक्त **ऐन्द्राग्न द्वादशकपाल पुरोडाश** और कतिपय वाजसनेयी तथा शाङ्खायन शाखाओं के अनुसार **वैष्णव** अथवा **अग्नीषोमीय उपाँशुयाज** भी होता है। मीमांसा १०.८.५८ में दर्शेष्टि में उपाँशुयाज का प्रतिषेध कहा है।

दर्श शब्द का अर्थ-

इसकी व्युत्पत्ति **'कदाचिद् दृश्यते चन्द्रोऽत्र'** अर्थात् कदाचित् (जब चतुर्दशी भूयिष्ठ होने पर अमावस्या आरम्भहोती है तब) प्रातः सूर्योदय से पहले पूर्व दिशा में चन्द्र की सूक्ष्म रेखा दिखाई पड़ती है।

कर्म का आरम्भ-

अग्न्याधान के प्रकरण में पढ चुके हैं कि अग्न्याधान अमावस्या के दिन अथवा पूर्णिमा में किया जाता है। अतः यदि अमावस्या को आधान किया है तो अगली पूर्णिमा को पौर्णमासेष्टि की जाती है, तत्पश्चात् दर्शेष्टि। किन्तु यदि आधान पूर्णिमा को किया है तो उत्तर प्राप्त अमावस्या में दर्शेष्टि न करके अगली पूर्णिमा से कर्म का आरम्भ करते हैं। अर्थात् दर्शपूर्णमास में पौर्णमासेष्टि प्रथम है और दर्शेष्टि औत्तरकालिक। इस नियम का कारण सम्भवतः अमान्त मास मानना है। उत्तर भारत में पहले कृष्ण पक्ष माना जाता है और द्वितीय शुक्ल पक्ष अर्थात् पूर्णिमा पर मास समाप्त करते हैं। परन्तु गुजरात आदि प्रदेशों में पहले शुक्ल पक्ष होता है, और अन्त में कृष्ण पक्ष अर्थात् अमावस्या को महीना पूर्ण होता है। चाहे उत्तर भारत का पंचाङ्ग होवे चाहे दाक्षिणात्य, दोनों में पूर्णिमा का संकेत १५ संख्या से किया जाता है और अमावस्या का ३० संख्या से। यह संकेत भी इस बात का ज्ञापक है कि प्राचीन काल में पहला पक्ष शुक्ल पक्ष और दूसरा कृष्यण पक्ष होता था। इसलिए इस कर्म को पौर्णमासेष्टि से ही आरम्भ करते हैं।

दर्शपूर्णमास में कुछ याग है और कुछ होम। याग अथवा इष्टि तथा होम के विषय में हम पूर्व पाठ में जान चुके हैं।

पुरोऽनुवाक्या और याज्या –

याग में जिस देवता के लिए आहुति दी जाती है उस देवता वाली दो ऋचाओं में पहली ऋचा को **पुरोऽनुवाक्या** (पहले बोली जाने वाली ऋचा) कहते हैं और उसके पश्चात् जिस से आहुति दी जाती है, उसे **याज्या** कहते हैं। याज्या के अन्त में 'वौषट्' शब्द जोड़कर आहुति दी जाती है।

दर्शपूर्णमास का द्वैविध्य –

दर्शपूर्णमास **नित्य** और **काम्य** (कामना के लिए) भेद से दो प्रकार का है। भिन्न-भिन्न कामनाओं के लिए नित्य विहित कर्म में ही साधारण परिवर्तन कर दिया जाता है।

दर्शपूर्णमास याग करने की अवधि –

नित्य दर्शपूर्णमास यावज्जीवन करना होता है। परन्तु अति जरावस्था में कर्म करने में असमर्थ हो जाये तो उसकी परिसमाप्ति भी की जा सकती है। इस अर्थ को कहने वाली श्रुति मीमांसाभाष्यकार शबरस्वामी ने (मी० २.४.४) इस प्रकार उद्धृत की है-**जरामर्यं वा एतत् सत्रं यद् अग्निहोत्रं दर्शपूर्णमासौ च। जरया ह वा एतस्मान्मुच्यते मृत्युना वा** अर्थात् अग्निहोत्र तथा दर्शपूर्णमास जरामर्य सत्र (निरन्तर जारी रहने वाले कर्म) हैं। इनसे वृद्धावस्था से छुटकारा होता है अथवा मृत्यु से। इस कर्म का अनुष्ठान तीस वर्ष तक निरन्तर करने के पश्चात् परित्याग भी माना गया है- **त्रिंशतं वर्षाणि दर्शपूर्णमासाभ्यां यजेत** (शत० ११.१.२.१३)। इस श्रुति का तात्पर्य दर्शपूर्णमास के प्राशस्त्य दर्शाने में है। तीस वर्ष वाला पक्ष सभी अवस्था में कर्म के परित्याग का विधायक है। जो यजमान दर्शपूर्णमास के साथ दाक्षायण याग भी करता है, वह पन्द्रह वर्ष के पश्चात् परित्याग कर सकता है- **यद्यु दाक्षायणयाजी स्यादथो अपि पञ्चदशैव वर्षाणि यजेत । अत्रैव सा सम्पत् सम्पद्यते** (शत० ११.१.२.१३)।

याग का अनुष्ठानकाल-

दर्श और पौर्णमास कर्म का मुख्य काल अमावस्या वा पूर्णिमा और प्रतिपदा का सन्धिकाल है। परन्तु जब यह सन्धिकाल मध्याह्नोत्तर वा रात्रि के समय में आता है, तब मध्याह्नोत्तर वा रात्रि में कर्म का प्रतिषेध होने से दूसरे दिन (प्रतिपदा को) प्रातः अनुष्ठान किया जाता है। दर्शेष्टि में दधिरूप हवि के लिए प्रथम दिन गोदोहनादि कर्म करने आवश्यक हैं। अतः सामान्यतया दोनों कर्मों के व्रत ग्रहण आदि कर्म प्रथम दिन (अमावास्या और पूर्णिमा के दिन) प्रातः किये जाते हैं, और मुख्य कर्म प्रतिपदा के दिन प्रातः । शास्त्रकारों के मतानुसार पूर्णमासेष्टि के सभी कर्म प्रतिपदा के दिन ही किये जा सकते हैं- **सद्यो वा प्रातः** (कात्या० श्रौत २.१.१६) ।

सामान्य नियम - जहाँ पर हव्य द्रव्य तथा देवता का विकल्प होवे, यथा-व्रीहिभिर्यजेत यवैर्वा- व्रीहि (धान) से याग करे, वा जौ से, तथा विष्णुरुपांशु यष्टव्योऽग्नीषोमौ वा (दर्शेष्टि में विष्णुदेवता का उपांशुयाग करे, अथवा अग्नीषोमदेवताक वाजसनेयों तथा शांखायनों के मत में) - ऐसे विकल्प के विषय में प्रथम याग के समय ही एक द्रव्य वा देवता का संकल्प करना होता है, और आगे यावज्जीवन उसी के अनुसार कर्म करना होता है।

मन्त्र-पाठ का प्रकार-

यज्ञ में पढ़े जाने वाले मन्त्रों के विषय में सामान्य नियम यह है कि जप-मन्त्र, न्यूंख (न्यूंखसंज्ञक १६ ओंकार हैं। उनमें कुछ उदात्त हैं, कुछ अनुदात्त - आश्वलायन श्रौत ७.११). और साममन्त्र सस्वर पढ़े जाते हैं, और अन्य मन्त्र एकश्रुति से - **यज्ञकर्मण्यजपन्यूंखसामसु** (अष्टा० १.२.३४); **एकश्रुति दूरात्सम्बुद्धौ यज्ञकर्मणि, सुब्रह्मण्यासामजपन्यूंखयाजमानवर्जम्** (कात्या० श्रौत १.८.१९) अर्थात् यज्ञकर्म में एकश्रुति होती है, सुब्रह्मण्या साम, जप, न्यूंख तथा यजमान सम्बन्धी मन्त्रों को छोड़कर। तैत्तिरीय अध्वर्यु से पठ्यमानमन्त्रों को चातुःस्वर्य (उदात्त, अनुदात्त, स्वरित, एकश्रुति) से पढ़ते हैं। होता से पढ़े जाने वाले मन्त्र एकश्रुति से पढ़े जाते हैं। शेष पूर्ववत्। जप नाम उन मन्त्रों का है, जिनसे कोई कर्म नहीं किया जाता है, केवल पाठमात्र होता है। सुब्रह्मण्या नाम का एक निगद (मन्त्रसमूह) है। यह सोमयाग में प्रयुक्त होता है। इसी प्रकार होता से उच्चार्यमाण ऋङ्मन्त्र ऊंचे स्वर से बोले जाते हैं, उद्गाता से गीयमान सामगान भी उच्चैः उच्चारण किया जाता है। अध्वर्यु से पठ्यमान याजुष मन्त्र उपांशु (इतनी न्यून ध्वनि से बोलना जिस से समीपस्थ व्यक्ति भी स्पष्ट न सुन सके) बोले जाते हैं। उच्चैर्ऋचा क्रियते उच्चैः साम्ना उपांशु यजुषा (मैत्रा० सं० ३.६.५)। अध्वर्यु से पठ्यमान प्रैष मन्त्र उच्चैः पढ़े जाते हैं, क्योंकि प्रैष कर्म करने के लिए आज्ञा वा अनुज्ञा देने के लिए प्रैष मन्त्रों का उच्चैः प्रयोग आवश्यक है। यदि साथी प्रैष सुनेगा ही नहीं तो वह कर्म कैसे करेगा? याज्या मन्त्र के अन्त में उच्चार्यमाण वौषट् शब्द याज्या मन्त्र से भी अधिक ऊंचे से बोला जाता है- **उच्चैस्तरां वा वषट्कारः** (अष्टा० १.२.३५)।

दर्शपूर्णमास के ऋत्विक्-

दर्शपूर्णमास कर्म में **ब्रह्मा, अध्वर्यु, होता** और **अग्नीत्** चार ऋत्विक् होते हैं- **दर्शपूर्णमासयोर्यज्ञक्रतोश्चत्वार ऋत्विजः** (तै० ब्रा० २.३.६.२) ।

ऋत्विजों का कार्य-

यज्ञ में जितनी आहुतियां दी जाती हैं, उन्हें होता देता है- जुहोतीति होता। होता का सम्बन्ध ऋग्वेद से होता है, अतः ऋग्वेद की संज्ञा हौत्रवेद भी है। शेष जितना यज्ञीय कर्म होता है, उसे अध्वर्यु पूर्ण करता है। अध्वर्यु का सम्बन्ध यजुर्वेद के साथ है, अतः वह आध्वर्यव वेद कहाता है। अग्नीत् नामा ऋत्विक् अध्वर्यु का सहायक होता है। ब्रह्मा सारे कर्म का द्रष्टा होता है। कर्म में भूल-चूक होने पर उस का निदर्शक होता है-**यज्ञस्य हैष भिषग् यद् ब्रह्मा** (ऐ० ब्रा० ५.३४) अर्थात् ब्रह्मा यज्ञ का भिषक् चिकित्सक भूल-चूक को पूर्ण करने हारा होता है। इसलिए ब्रह्मा को ऋक् यजुः साम तीनों वेदों का जानने वाला होना चाहिये-

अथ केन ब्रह्मत्वं क्रियते इति ? त्रय्या विद्ययेति (ऐ० ब्रा० ५.३३; शत० ब्रा० ११.५.८.७) ।

इकाईः 2 दर्शेष्टि के प्रधान याग (परिचय)

दर्शेष्टि में प्रधान याग

दर्श इष्टि में दो देवताओं को आहुति दी जाती है, जो **अग्नि** तथा **इन्द्र** हैं। सान्नाय्य इष्टि के देवता **अग्नि, इन्द्र, सोम** तथा विकल्प में **विष्णु** देवता है।

दर्श इष्टि को दो भागों में जाना जाता है -(१) **सान्नाय्य इष्टि,** और (२) **असान्नाय्य इष्टि।**

सान्नाय्य इष्टि - जिसकी हवि अग्नि के लिए अष्ट कपाल पुरोडाश याग, तथा अग्निषोमीय उपांशु याग, अथवा विष्णु देवताक उपांशुयाग में घृत की आहुति के रूप में है, परन्तु इन्द्र के लिए दधि, पय, द्रव्यक,सान्नाय्य आहुति दी जाती है।

असान्नाय्य इष्टि-

असान्नाय इष्टि के अन्तर्गत-

(१) अग्नि के लिए अष्ट कपाल पुरोडाश याग,

(२) अग्निषोमीय उपांशु याग अथवा विष्णुदेवताक उपांशुयाग

(३) इन्द्राग्नि के लिए द्वादश कपाल पुरोडाश की हवि दी जाती है।

दर्श याग में दो प्रकार की हवियाँ होती हैं। एक सान्नाय दूसरा असान्नाय्य। सान्नाय्य उसको कहाजाता है जिस याग में दूध और दही के सम्मिश्रण की आहुति दी जाती है। असान्नाय्य उसे कहा जाता है जिस याग में दूध तथा दही की आहुति नहीं दी जाती है।

सान्नाय्य शब्द की व्युत्पत्ति-

दर्श याग में दूध तथा दधि की जो हवियाँ इन्द्र को दी जाती हैं, उसका सम्मिलित नाम सान्नाय्य है। इस कृत्य में सायं दोह तथा प्रातः दोह होता है। सान्नाय्य हवि का सम्पादन (चन्द्र दर्शन रहित) अमावस्या तिथि को पिण्ड पितृयज्ञ कर लेने के पश्चात् किया जाता है। सान्नाय्य आहुति से सम्बद्ध एक आख्यान शतपथ ब्राह्मण में प्राप्त होता है। इन्द्र ने देवताओं से कहा - जब मैंने वृत्रासुर को वज्र से मारा तो मैं डर गया और दुबला हो गया, इसलिए द्वादश कपाल वाली पुरोडाश की हवि अच्छी नहीं लगती है। अतः ऐसी हवि तैयार करें, जिससे मेरा पेट भर जाय। देवताओं ने सोचा कि इन्हें सोम के अलावा कुछ अच्छा नहीं लगेगा। तब देवताओं ने सोम तैयार करने के लिए गौओं को इकट्ठा किया और उन

गौओं ने सोम को खाया और जल को पिया और इससे दुहे दूध को उन्होंने इन्द्र को दिया। तब पुनः इन्द्र ने कहा -मेरा पेट तो भर जाता है, परन्तु रुचिकर नहीं लगता। तुम सब ऐसा उपाय करो कि जिससे मुझे अच्छा लगे, तब देवताओं ने उस दूध को पकाकर अधिक रुचिकर बना दिया और जिससे इन्द्र अत्यन्त प्रसन्न हुए। यद्यपि दूध या दधि एक ही चीज है, चूंकि इन्द्र ने कहा "धिनोति मे" मेरा पेट भर जाता है, इसलिए दूध का नाम दधि हुआ। इस दधि में पका हुआ दूध मिलाया जाता है, इसलिए इसे **श्रुत** कहते हैं। इस महत्त्व को समझकर दर्श याग में जो सान्नाय्य आहुति देता है, वह प्रजा और पशु से पूर्ण होकर सारे दोष से छुटकारा पा जाता है। अतः दर्श याग में दूध और दही की सान्नाय्य आहुति देनी चाहिए।

दर्शेष्टि के प्रधान यागों की विधि-

१. **दर्शयाग में आग्नेय अष्टकपाल पुरोडाश याग**- पौर्णमास इष्टि तथा दर्श इष्टि में अग्नि देवता को अष्ट कपाल पुरोडाश की हवि दी जाती है। इसकी विधि तथा नियम के विषय में पौर्णमास याग के अग्नि देवता क अष्टाकपाल पुरोडाश याग में देखेंगे।

२. **अग्निषोमीय उपांशु याग अथवा विष्णुदेवताक उपांशु याग** :- इसमें अग्नि और सोम देवता को उपांशु हवि दी जाती है, परन्तु विकल्प से दर्श इष्टि में विष्णु देवता को उपांशु याग दिया जाता है। आचार्य विद्याधर गौड़ के अनुसार दर्श इष्टि में यदि सान्नाय्य आहुति दी जाती है तो वहाँ पर अग्निषोमीय देवता को उपांशु आहुति दी जाती है, परन्तु असान्नाय्यायियों के लिए वहाँ पर विष्णु देवता को उपांशु रूप में आहुति दी जाती है। शांखायन भी इस मत को मानते हैं। बौधायन श्रौतसूत्र में कहा गया है कि यह आहुति विष्णु देवता को दी जाती है। ध्यातव्य है कि पौर्णमास इष्टि की भाँति दर्श याग में भी आहुति देने की विधि वही हैं, परन्तु विष्णु देवताक पक्ष में मन्त्रों में भिन्नता पाई जाती है।

३. **विष्णु देवताक उपांशुयाग** -- इस विधि में सर्वप्रथम अध्वर्यु से होता आदिष्ट होकर "**इदं विष्णुर्विचक्रमे**" पुरोनुवाक्या का पाठ करता है। तदनन्तर पहले की भाँति अध्वर्यु जुहू में आज्य लेकर, अध्वर्यु और आग्नीध्र आश्रवण-प्रत्याश्रवण कर्म को करते हैं। उसके बाद अध्वर्यु होता को आदेश देता है कि "विष्णु के लिए याज्या पढ़ो"। होता आदिष्ट होकर "**ये यजामहे विष्णु.....**

वौषट्" इस याज्या का पाठ करता है। वौषट् उच्चारण के सद्यः अनन्तर यथा स्थान जुहू स्थित आज्य को डाल देता है। इधर यजमान – **विष्णवे न मम** कहता है।

४. **इन्द्रदेवताक सान्नाय्य अथवा महेन्द्र देवताक याग विधि** : --इस विधि में भी अध्वर्यु पूर्ववत् होता को, इन्द्र के लिए पुरोनुवाक्या मन्त्रपाठ करने हेतु होता को प्रैष देता है। होता आदिष्ट होकर "**ओम् एन्द्रसानसिं रयिं.....भरो३म्**" इस पुरोनुवाक्या का पाठ करता है।" तदनन्तर अध्वर्यु दो बार दधि, जुहू में लेता है, परन्तु पञ्चावत्तियों के पक्ष में दही का तीन अवदान लिया जाता है, परन्तु उपस्तरण तथा अभिधारण एक ही बार होता है। तदनन्तर पूर्ववत् अध्वर्यु तथा आग्नीध् आश्रवण-प्रत्याश्रवण कृत्य को करता है। तत्पश्चात् होता को अध्वर्यु आदेश देता है कि इन्द्र के लिए याज्या का पाठ करो। होता आदेशित होकर "**ये यजामहे.....इन्द्र प्रसेसाहिषे देवतानां वौषट्**" इस याज्या का पाठ करता है। याज्या पाठ के सद्यः अनन्तर वौषट् उच्चारण के साथ ही साथ जुहू में स्थित दधि तथा पय का अग्नि में आहुति देता है। तदनन्तर यजमान **इन्द्राय न मम** इस वाक्य का उच्चारण करता है।

इस प्रकार दर्शेष्टि के प्रधान यागों का सामान्य परिचय प्रस्तुत है, इसका विशिष्ट परिचय अगली कक्षाओं में विधान के साथ पढने को प्राप्त होगा।

इकाईः 3 पौर्णमास के प्रधान याग (परिचय)

दर्शपौर्णमास याग से सम्बद्ध प्रधान अनुष्ठान

प्रधान याग - फल के उद्देश्य से विहित जब देवता को आहुति दी जाती है, तो उसे **प्रधान याग** कहा जाता है। पौर्णमास इष्टि में मुख्यतया दो देवता होते हैं, **अग्नि** तथा **सोम,** और इसके तीन प्रधान याग होते हैं जो इस प्रकार हैं -

१. अग्नि देवता के लिए अष्टाकपाल पुरोडाश याग - **आग्नेय पुरोडाश याग**

२. अग्नि तथा सोम के लिए एकादश कपाल पुरोडाश याग - **अग्निषोमीय पुरोडाश याग**

३. अग्नि तथा सोम के लिए आज्य का उपांशु याग - **उपांशु याज (आजद्रव्येन)** इस याग को आग्नेय अष्टाकपाल के बाद तथा अग्निषोमीय एकादश कपाल पुरोडाश याग के पूर्व किया जाता है।

पौर्णमास इष्टि में प्रधान याग की विधि

यह पहले बताया जा चुका है कि पौर्णमास इष्टि में सर्वप्रथम अग्नि के लिए अष्टाकपाल पुरोडाश याग

दिया जाता है। अतः उसकी विधि के बारे में सर्वप्रथम जानते हैं-

१. **आग्नेय पुरोडाश याग** - इस विधि में अध्वर्यु सर्वप्रथम अपने दक्षिण पैर को आगे बढ़ाते हुए पुरोडाश रख गये स्थान पर आता है। तदनन्तर अध्वर्यु होता को अग्नि के लिए पुनरोवाक्या पाठ करने के लिए प्रैष देता है।' होता आदिष्ट होकर "**अग्निमूर्द्धाः दिवः**" इस मन्त्र का पाठ करता है ध्यातव्य है कि अनुवाक्य लडखडाती वाणी में बोला जाता है। प्रैष के उच्चारण के अनन्तर अध्वर्यु आज्य स्थाली से स्रुव के द्वारा एक बार घृत जुहू में डालता है।तदनन्तर श्रृतावदान के द्वारा पुरोडाश को पूर्वार्ध से अंगुष्ठ के पर्वमात्र लम्बे दो टुकडे को निकालकर जुहू के ऊपर रखकर, उसके ऊपर घी को गिराता है। कामनापूर्ण के लिए पुरोहित पुरोडाश के पूर्वार्ध भाग से प्रथम अवदान लेकर स्रुव् के पूर्वार्ध भाग में रखें। इसी तरह विधि पूर्वक पुरोडाश के अवदान को लेकर जुहू के ऊपर रखकर उसके ऊपर आज्य को गिराता है तथा पुरोडाश के कटे स्थल पर भी आज्य को गिराता है। इस क्रिया में किसी मन्त्र की विनियोग विधान नहीं है। तदनन्तर अध्वर्यु उस

स्थान से आहवनीय अग्नि के पास आहुति डालने के लिए जाता है। ध्यातव्य है कि पुरोडाश हवि को लेकर चलते समय सबसे पहले अपना बायाँ पैर आगे बढ़ा कर जाना चाहिए। तदनन्तर अध्वर्यु और आग्नीध्र प्रत्याश्रवण करते हैं। इसके बाद अध्वर्यु होता को आग्नेय अष्टकपाल पुरोडाश याग हेतु याज्या पढ़ने का आदेश देता है -"**अग्निं यज**" । होता आदेशित होकर "**ये यजामहे.....अग्नि भुवो यज्ञस्य.....हव्यवाहाँ वौषट्**" इस याज्या का पाठ करता है। ध्यातव्य है कि याज्या को शीघ्रता से पढ़ना चाहिये। अध्वर्यु वौषट् उच्चारण के सद्यः अनन्तर जुहू में स्थित पुरोडाश को आहवनीय अग्नि में डाल देता है। अनन्तर यजमान **अग्नये न मम** उच्चारण करता करता है।

२. **अग्निषोमीय उपांशुयाग** - दर्श पौर्णमास इष्टि में समान रूप से उपांशु याग किया जाता है। इस उपांशु याग के देवता क्रमशः अग्नि तथा सोम हैं तथा इसकी हवि आज्य है। आहुति देते समय मन्त्रों का विनियोग उपांशु रूप में किया जाता है, इसलिए इसका नाम उपांशु याग है। इसे उपांशुयाग कहना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि पौर्णमास इष्टि में अग्नि तथा सोम देवता के लिए भी पुरोडाश का निर्माण किया जाता है। वह पौर्णमास याग की प्रधान हवि है। इस अग्निषोमीय पुरोडाश याग से वैलक्षण्य दिखाने के लिए याज्ञिक परम्पराओं में इसे अग्निषोमीय उपांशुयाग का अभिधान मिला है। उपांशु याग का विधान आग्नेय अष्टाकपाल पुरोडाश याग के अनन्तर किया जाता है।

इस विधि में अध्वर्यु दक्षिण पाद को आगे बढ़ाकर हवि के समीप आकर "**अग्नीषोमाभ्यां**" इस वाक्य का उपांशु रूप में उच्चारण करके अनुवाक्या पढ़ने हेतु होता को आदेश देता है। होता आदेशित होकर **अग्नीषोमा**० इत्यादि मन्त्र का उपांशु उच्चारण करके "ओम्" शब्द का उच्च स्वर से पाठ करता है। तदनन्तर अध्वर्यु आज्य भाग आहुति की भांति **आप्यतायताम्** मन्त्र से स्रुव के द्वारा चार बार घृत लेकर यजति स्थान को आता है, इसके बाद अध्वर्यु आग्नीध्र आश्रवण-प्रत्याश्रवण कृत्य को करके अध्वर्यु होता को अग्नोषोमीय उपांशु याग हेतु याज्या पढ़ने हेतु आदेश देता है - **अग्नीषोमीयं यज** अर्थात् हे होता अग्नि तथा सोम के लिए याज्या पढ़ो, होता आदेशित

होकर - **अग्नीषोमाज्यस्य वीताम्** इस मन्त्रांश का उपांशु उच्चारण करके **वौषट्** का उच्चारण उच्च स्वर से करता है। वह पूर्ववत् वौषट् कार के उच्चारण के सद्यः अनन्तर जुहू में स्थित आज्य को अग्नि में डाल देता है। आहुति के अनन्तर यजमान **अग्नीषोमाभ्यां न मम** कहता है।

३. **अग्निषोमीय एकादश कपाल पुरोडाश याग** :- इस याग की विधि में भी अध्वर्यु पहले के समान होता को अग्निसोम के लिए पुरोनुवाक्या मन्त्र बोलने हेतु आदेश देता है। होता आदिष्ट होकर "**अग्निषोमो मे वेदसा**" इस पुरोनुवाक्या मन्त्र का पाठ करता है। प्रैष के अनन्तर अध्वर्यु पूर्ववत् आज्यस्थाली से स्रुव के द्वारा एक बार आज्य लेकर जुहू में डालता है। तदनन्तर वह पहले की भाँति पुरोडाश का अवदान दो टुकड़ों में लेकर जुहू के ऊपर रखता है। उसके ऊपर पुनः वह एक बार आज्य डालकर पुरोडाश के अवदान के स्थल में भी आज्य को डालता है। तदनन्तर - अध्वर्यु पूर्ववत् आग्नीध्र आश्रवण-प्रत्याश्रवण करके अध्वर्यु होता को "**अग्निषोमीय**" देवता के लिए याज्या पढ़ने हेतु आदेश देता है। होता आदिष्ट होकर **"ये यजामहे अग्निषोमो.....गृभीतान् .....वौषट्"** मन्त्र का पाठ करता है। पूर्व कथित वौषट् उच्चारण के सद्यः अनन्तर अथवा साथ ही वह जुहू में स्थित पुरोडाश के अग्नि में आहुति देता है।

यह पौर्णमासेष्टि के प्रधान यागों का संक्षिप्त वर्णन है।

इकाईः 4 पञ्चभूसंस्कार

पञ्चभूसंस्कार दर्शपूर्णमास प्रयोग का प्रारम्भिक विषय है। भूसंस्कार करके ही अग्नि का स्थापन करना चाहिये।

इन भूसंस्कारों का परिचय इस प्रकार है-

१. कुण्ड का परिसमूहन-तीन दर्भों से अग्निकुण्डस्थ पांसु धूलि को दूर करना - **दर्भैः परिसमुह्य।**

२. कुण्ड का उपलेपन-गोमय गोबर और जल से कुण्ड को लीपना – **गोमयोदकेनोपलिप्य।**

३. तीन बार उल्लेखन-हस्तप्रमाण खादिर खड्गाकृति स्फ्य से पूर्व से उत्तर तक अग्निकुण्ड के बराबर तीन रेखाओं का करना – **तिस्रो रेखा उल्लिख्य।**

४. पांसु का उद्धरण - स्फ्य से पूर्व खींची गई रेखाओं की मिट्टी को अनामिका और अङ्गुष्ठ से उठाकर पृथक् करना – **पांसून् उद्धृत्य।**

५. जल से अभ्युक्षण-जल से अग्निकुण्डों का प्रोक्षण करना अर्थात् जल छिड़कना – **जलेनाभ्युक्ष्य।**

प्रत्येक कर्म की तीन आवृत्ति करनी होती है। इन पांच कर्मों का पारस्कर गृह्यसूत्र में निर्देश किया है। व्याख्याकारों के मतानुसार ये पांच भूसंस्कार अग्निकुण्डों में अग्निस्थापनार्थ हैं।

पञ्चभूसंस्कारविधिः

पञ्चभूसंस्काराः –

- **कुशैः त्रिप्रदक्षिणं परिसमुह्य। परिसमुह्य। परिसमुह्य। तान् कुशान् ईशान्यां परित्यज्य।**
- **गोमयोदकेन त्रिः उपलिप्य। उपलिप्य। उपलिप्य।**
- **स्फ्येन स्रुवमूलेन वा प्रागग्राः तिस्रो रेखा उल्लिख्य। उल्लिख्य। उल्लिख्य।**
- **अङ्गुष्ठानामिकाभ्यां रेखाभ्यः पांसून् उद्धृत्य। उद्धृत्य। उद्धृत्य।**
- **पुनः शुद्धजलेन अभ्युक्ष्य। अभ्युक्ष्य। अभ्युक्ष्य।**

